AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

फार्मेसी कोर्स शुरू करेगा लविवि

पाठ्यक्रम में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए विवि ने नाइपर रायबरेली के साथ किया एमओयू

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय फार्मेसी पाठ्यक्रम शुरू करेगा। विश्वविद्यालय ने मंगलवार को इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ा दिया। फार्मेसी पाठ्यक्रम में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए लविवि ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (नाइपर), रायबरेली के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

विश्वविद्यालय अपने यहां फार्मेसी पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना तैयार कर रहा है। एमओयू हो जाने से दोनों संस्थानों के वैज्ञानिकों, शिक्षकों, छात्रों के बीच पठन-पाठन एवं शोध के कार्यों का आदान-प्रदान हो सकेगा। नाइपर के निदेशक प्रो. स्वर्णजीत सिंह फ्लोरा ने लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को अपने संस्थान पर आमंत्रित किया और विश्वविद्यालय को फार्मेसी कोर्स के लिए अपने संस्थान की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिया। लविवि वीसी और नाइपर निदेशक ने हस्ताक्षर किए। नाइपर के साथ करार के बाद लविवि उसकी विशेषज्ञता का लाभ उठा सकेगा।

इस अवसर पर लविवि की डीन रिसर्च प्रो. मोनिशा बनर्जी, डीन एकेडमिक प्रो. अरविंद मोहन, जीव रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर मेहरोत्रा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिसर पूनम टंडन एवं जीव रसायन विज्ञान विभाग की डॉ. कुसुम यादव उपस्थित रहीं।

नाइपर रायबरेली के साथ लविवि वीसी ने किया एमओयू पर हस्ताक्षर।

पीसीआई की रोक के बावजूद साफ है रास्ता

लखनऊ विश्वविद्यालय में फार्मेसी पाठ्यक्रम शुरू होने में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) की ओर से नई मान्यता पर रोक लगी होने से भी असर नहीं पड़ेगा। पीसीआई ने पांच साल के लिए नए बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी-फार्मा) और डिप्लोमा इन फार्मेसी (डी-फार्मा) की मान्यता पर रोक लगा रखी है। इसको लेकर लविवि ने भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय को पत्र लिखा था। मंत्रालय की ओर से पत्र के जवाब में कहा गया है कि यह रोक सिर्फ निजी कॉलेजों के लिए है। लविवि सरकारी संस्थान है, वह पाठ्यक्रम खोल सकता है।

NBT PAGE 4

अप्रैल में हो सकती है संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2021

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय को मौजूदा सत्र 2020-22 के बाद सत्र 2021 के लिए भी संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा करवाने का जिम्मा मिलते ही कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने योजना बनानी शुरू कर दी है। कुलपति के मुताबिक, अप्रैल में बीएड प्रवेश परीक्षा और 15 जुलाई तक अगला सत्र शुरू करने की योजना है। हालांकि संयुक्त प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल पहले शासन को भेजा जाएगा, जिस पर मोहर लगते ही तैयारी शुरू कर दी जाएगी।

सीटें बढ़ने का अनुमानः कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष और अच्छा काम किया जाएगा। साथ ही टेक्नॉलजी और स्ट्रैटजी को भी और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। इसी को देखते हुए पिछले साल की तुलना में सीटें बढ़ने और स्टूडेंट्स के अधिक दाखिला लेने की उम्मीद है।

i-NEXT PAGE 7

अप्रैल में बीएड प्रवेश परीक्षा!

15 जुलाई से अगला सत्र शुरू करने की बन रही योजना

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (12 Jan): एलयू में मौजूदा सत्र 2020-22 में बीएड प्रवेश में शानदार प्रदर्शन के बाद एक बार फिर से एलयू को बीएड प्रवेश परीक्षा का जिम्मा सौंपा गया है. एलयू आगामी सत्र 2021-23 के लिए संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा कराएगा. एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने इसकी योजना बनानी शुरू कर दी है. इसके मुताबिक अप्रैल में बीएड प्रवेश परीक्षा और 15 जुलाई तक अगला सत्र शुरू करने की योजना बनाई जा रही है. हालांकि संयुक्त प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल पहले शासन को भेजा जाएगा. इस पर मोहर लगते ही बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी.

सीटें बढ़ने का अनुमान

एलयू वीसी के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष और अच्छा कार्य एलयू की ओर से किया जाएगा. साथ ही टेक्नोलॉजी और स्ट्रेटजी को भी और अधिक मजबूत बनाया जाएगा. ताकि पिछले साल जो दिक्कतें आई हों वे भी स्टूडेंट्स को फेस न करना पड़े. इसी को देखते हुए पिछले साल की तुलना में सीटें बढ़ने और स्टूडेंट्स के अधिक दाखिला लेने की उम्मीद है. लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से गत वर्ष 2020 में अगस्त में संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2020-22 प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई थी और 31 दिसंबर को समाप्त हो गई.

CONCEPT PIC

यह हो सकता है शेड्यूल

● 15 अप्रैल तक बीएड प्रवेश परीक्षा होगी ● 10 से 15 मई के बीच प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित हो जाएंगे. ● जून के अंतिम सप्ताह तक काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. ● 15 अथवा 16 जुलाई से बीएड का आगामी सत्र 2021 शुरू कर दिया जाएगा.

बीएड कॉलेज में 60792 सीटें खाली रह गई हैं, जिसमें 244701 में से सिर्फ 183909 सीट ही भर पाई थी.

PIONEER PAGE 3

शोध को लेकर एलयू व नाईपर में एमओयू

लखनऊ(पीएनएस)। लखनऊ विश्वविद्यालय और नाईपर रायबरेली लखनऊ कैंपस के बीच मंगलवार को एमओयू साइन हुआ। एलयू के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और नाईपर रायबरेली लखनऊ कैंपस के निदेशक प्रो स्वर्ण जीत सिंह फ्लोरा ने हस्ताक्षर किए। इसके तहत दोनों संस्थानों के बीच वैज्ञानिकों शिक्षकों, शोध छात्रों व स्नातक एवं परास्नातक स्टूडेंट्स छात्राओं के बीच शोध की दिशा में आदान प्रदान होगा। नाईपर रायबरेली लखनऊ कैंपस के निदेशक प्रोफेसर स्वर्ण जीत सिंह फ्लोरा ने कहा कि एमओयू साइन होने से दोनों ही संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग एक दूसरे के द्वारा करना संभव हो सकेगा। उन्होंने साथ मिलकर शोध प्रोग्राम बनाने में सहयोग के साथ ही लविवि को फार्मेसी कोर्स के लिए संस्थान की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं एलयू कुलपति प्रो राय को नाईपर रायबरेली लखनऊ कैंपस आने के लिए आमंत्रित भी किया। इस मौके पर लविवि की डीन रिसर्च प्रो मोनिशा बनर्जी, डीन एकेडमिक प्रो अरविंद मोहन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर पूनम टंडन और जीव रसायन विज्ञान विभाग की डॉ कुसुम यादव, जीव रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो सुधीर मेहरोत्रा उपस्थित रहे।

THE PIONEER PAGE 3

LU signs MoU with NIPER

Lucknow (PNS): A memorandum of understanding (MoU) was signed on Tuesday between Lucknow University and National Institute for Pharmaceutical Research and Education (NIPER), Rae Bareli (Lucknow campus). The MoU was signed by LU VC Prof AK Rai and Prof Swarn Jeet Singh Flora (NIPER). "This MoU will felicitate academic collaboration and scientific exchanges between the scientists, teachers, research scholars, UG & PG students of both the institutions and earmark a new beginning of a long-lasting relationship of mutual benefit," a senior faculty member of LU said.

लखनऊ यूनिवर्सिटी ग्रीन विजयी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से फाइव-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत खेले गए मुकाबले में यूनिवर्सिटी ग्रीन ने रेड को 5-4 से पराजित किया। मुकाबला कार्फ कड़ा रहा, जिसमें ग्रीन के खिलाड़ियों ने बाजी मारते हुए 5-4 से जीत दर्ज की। इससे पहले लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर डॉ. दिनेश कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मुकाबले का उद्घाटन किया। मौके पर डॉ नीरज जैन, डॉ राम मिलन, डॉ. देश दीपक, कोच संपत कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

एलयू में दीवार पर लगाए पोस्टर-बैनर, 15 को नोटिस

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू की दीवारों पर पोस्टर, बैनर लगाने वालों के खिलाफ प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने अभियान चलाकर नोटिस जारी किया। प्रॉक्टर ने बताया कि मंगलवार को करीब 15 लोगों को फोटो और विडियोग्राफी के माध्यम से चिह्नित कर नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद ये ऐसे लोग पोस्टर-बैनर चिपकाते पकड़े गए तो जुर्माने के साथ एफआईआर भी करवाई जाएगी।

एलयू ग्रीन ने रेड को दी पटखनी

■ एनबीटी, लखनऊः वैष्णवी फाइव फुटबॉल टूर्नामेंट में एलयू ग्रीन ने एलयू रेड टीम को 5-4 गोलों से पटखनी दी। 15 दिवसीय इस टूर्नामेंट में एलयू मैदान पर मंगलवार को एलयू रेड और ग्रीन के बीच हुआ मैच बेहद रोमांचक रहा। खेल के आगाज से गोलों की झड़ी लगी तो आखिरी तक जारी रही। हालांकि, एलयू ग्रीन ने बाजी मारी।

उद्घाटन के दौरान एलयू प्रॉक्टर डॉ. दिनेश कुमार, एलयू ऐथलेटिक्स असोसिएशन के पूर्व चेयरमैन डॉ. नीरज जैन, असोसिएशन के सचिव डॉ. देश दीपक और कोच संपत सिंह मौजूद रहे।

वैष्णवी फाइव फुटबॉल टूर्नामेंट

HINDUSTAN PAGE 6

छात्रनेताओं समेत 16 को दिया नोटिस

लविवि

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, समाजवादी छात्रसभा के छात्रनेताओं समेत 16 को नोटिस जारी किया है।

विश्वविद्यालय परिसर की दीवारों पर बैनर पोस्टर लगाने के चलते यह कार्रवाई की गई है। कुलानुशासक प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि 16 लोगों के द्वारा लगाए गए बैनर पोस्टर की फोटो और वीडियोग्राफी कराई गई है। इनको नोटिस जारी कर दिया गया है। सभी को तीन दिन का समय दिया है।

इस दौरान पोस्टर हटाने से लेकर उन्हें 10 रुपये के स्टांप पेपर पर आगे से पोस्टर नहीं चिपकाने के संबंध में शपथ पत्र देना होगा।

अगर इसके बाद भी पोस्टर और बैनर चिपकाते पकड़े जाते हैं तो जुर्माने के साथ संबंधित के खिलाफ एफआईआर भी करवाई जाएगी। लविवि प्रशासन के अनुसार इसमें छात्रनेताओं के साथ निजी छात्रावास और मेस संचालक भी शामिल हैं।



इनको भेजा नोटिस

पूर्व छात्रनेता अनुराग तिवारी, छात्रनेता विपिन सिंह, छात्रनेता रवि प्रकाश, धनंजय चतुर्वेदी, विश्व प्रताप सिंह विशू, अवकाश सिंह, अपूर्व मिश्रा, सिंह गर्ल्स हॉस्टल, आशीष सिंह आर्यन, जिलाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, ग्लोबल क्लीनिक, मारवाड़ी शुद्ध शाकाहारी भोजन टिफिन सर्विस, श्याम लाल बाल्मिकी, प्रताप सिंह, सत्यवीर बाल्मीकि , डॉ . सुधाकर बाल्मीकि समेत अन्य हैं।

JAGRAN CITY PAGE I & III

लविवि : मिशन शक्ति के तहत निकाली जनजागरण रैली

लखनऊ : लविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत कन्या-भ्रूण हत्या पर जन जागरण के मकसद से छत्रपति शिवाजी शारीरिक शिक्षा मैदान से इलाहाबाद बैंक चौराहा, हजरतगंज तक रैली निकाली गई। रैली में मिशन शक्ति की विश्वविद्यालय की समन्वयक प्रो. शीला मिश्रा, विभाग के समन्वयक डॉ. नीरज जैन आदि मौजूद रहे। (जासं)

पोस्टर लगाने वालों को नोटिस

लखनऊ : लखनऊ विवि प्रशासन ने मंगलवार को दीवारों पर बैनर और पोस्टर चस्पा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर नोटिस जारी किया। प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को करीब 15 से 16 लोगों को फोटो और वीडियोग्राफी के माध्यम से चिन्हित कर नोटिस जारी किया गया है। प्रॉक्टर का कहना है कि अगर इसके बाद भी पोस्टर व बैनर चिपकाते पकड़े जाते हैं तो जुर्माने के साथ संबंधित के खिलाफ एफआइआर कराई जाएगी। (जासं)

लखनऊ विश्वविद्यालय व नाइपर मिलकर करेंगे काम

एमओयू का आदान-प्रदान करते लविवि कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय व नाइपर के निदेशक प्रो. स्वर्ण जीत सिंह फ्लोरा

जागरण संवाददाता, लखनऊ : नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (नाइपर) रायबरेली कैम्पस एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के मध्य एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर हुए। लविवि की ओर से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय तथा नाइपर रायबरेली की ओर से वहां के निदेशक प्रो. स्वर्ण जीत सिंह फ्लोरा ने हस्ताक्षर किए। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस एमओयू के बाद दोनों संस्थानों के वैज्ञानिक, शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन एवं शोध के कार्यों का आदान-प्रदान हो सकेगा। लविवि की डीन रिसर्च प्रो. मोनिशा बनर्जी, डीन एकेडमिक प्रोफेसर अरविंद मोहन, जीव रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर मेहरोत्रा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिसर पूनम टंडन और जीव रसायन विज्ञान विभाग की डॉ. कुसुम यादव मुख्यरूप से मौजूद रहे।

बीएड प्रवेश परीक्षा 2021 का आयोजन अप्रैल में

कार्यक्रम तैयार

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

राजधानी समेत प्रदेश के बीएड कॉलेजों में नए सत्र 2021-22 के लिए प्रवेश परीक्षा अप्रैल माह में कराई जा सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से प्रस्तावित कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसके मुताबिक 15 जुलाई तक अगला सत्र शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। यह प्रस्तावित कार्यक्रम है। इस पर शासन की मुहर बाकी है। उधर, कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि बीएड 2021 की परीक्षा कराने की जिम्मेदारी भी शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रो. अमिता बाजपेयी को सौंपी गई है।

यह है प्रस्तावित कार्यक्रमः

शासन ने वर्ष 2021 की प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी लविवि को सौंपी है। सोमवार को इसका आदेश जारी किया था। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई।

कार्यक्रम के तहत 15 अप्रैल तक प्रवेश परीक्षा हो जाएगी। 10 से 15 मई तक परिणाम आ जाएंगे। जून के अंतिम सप्ताह तक काउंसलिंग हो जाएगी।

आर्यकुल कॉलेज में बीएड का सत्र शुरू

बिजनौर स्थित आर्यकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन लखनऊ में बीएड के नए सत्र 2020- 21 की शुरुआत की गई। कोरोना से सावधानी को ध्यान में रखते हुए सामाजिक दूरी और मास्क के उपयोग के साथ ओरिएंटेशन हुआ।



15 जुलाई से अगला सत्र शुरू करने की तैयारी है विश्वविद्यालय की

पहले की अपेक्षा सीटें बढ़ने का अनुमान

एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष और अच्छा कार्य एलयू की ओर से किया जाएगा। साथ ही टेक्नोलॉजी और स्ट्रेटजी को भी और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से गत वर्ष 2020 में अगस्त में संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2020-22 प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई थी और 31दिसंबर को समाप्त हो गई है। गत वर्ष प्रदेश भर के बीएड कॉलेज में 60,792 सीटें खाली रह गई हैं। जिसमे 2,44,701 में से सिर्फ 1,83,909 सीट ही भर पाई थी। हालांकि साल 2019 के आंकड़े के मुताबिक एक लाख से अधिक सीटें खाली रह गई थी।

लविवि में बनेगा फार्मेसी संस्थान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी शैक्षिक सत्र 2021-22 में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की शुरुआत की जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। मंगलवार को लविवि और नाईपर रायबरेली लखनऊ कैंपस के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के तहत संस्थानों के बीच वैज्ञानिकों शिक्षकों, शोध छात्रों, स्नातक एवं परास्नातक छात्रों के बीच शोध की दिशा में कार्य होंगे। एमओयू पर लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय और नाईपर रायबरेली लखनऊ कैंपस के निदेशक प्रो. स्वर्ण जीत सिंह फ्लोरा ने हस्ताक्षर किए।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

छात्रों को शोध में होगी सुगमता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नाईपर रायबरेली लखनऊ कैंपस और लखनऊ विश्वविद्यालय के मध्य एक मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर हुए। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने

● लविवि व नाईपर रायबरेली के बीच हुआ करार

और नाईपर रायबरेली लखनऊ कैंपस की ओर से वहां के निदेशक प्रो. स्वर्ण जीत सिंह फ्लोरा ने हस्ताक्षर किये। इस एमओयू के हो जाने से दोनों संस्थानों के वैज्ञानिकों शिक्षकों शोध छात्रों, स्नातक व स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के मध्य पठन-पाठन और शोध के कार्यों का आदान-प्रदान संभव हो सकेगा तथा दोनों ही संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग एक दूसरे के द्वारा सुगमता एवं सरलता से संभव हो सकेगा। प्रो. फ्लोरा ने इस इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को अपने संस्थान पर आमंत्रित किया और लखनऊ विश्वविद्यालय को फार्मेसी कोर्स के लिए अपने तथा अपने संस्थान के द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय की डीन रिसर्च प्रो. मोनिशा बनर्जी, डीन एकेडमिक प्रो. अरविंद मोहन, जीव रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर मेहरोत्रा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिसर पूनम टंडन और जीव रसायन विज्ञान विभाग की डॉ कुसुम यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 3

लविवि में पढ़ाई के साथ शोध को मिलेगा बढ़ावा

एलयू कुलपति ने एमओयू पर किये हस्ताक्षर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पठन पाठन के साथ-साथ शोध को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को एमओयू साइन किया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ये एमओयू रायबरेली लखनऊ कैंपस व लविवि के मध्य एक मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर साइन हुआ है। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय व निदेशक प्रोफेसर स्वर्ण जीत सिंह फ्लोरा उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इस एमओयू के हो जाने से दोनों संस्थानों के वैज्ञानिकों शिक्षकों शोध छात्रों तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं के मध्य पठन-पाठन एवं शोध के कार्यों का आदान प्रदान संभव हो सकेगा। प्रोफेसर फ्लोरा ने इस इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को अपने संस्थान पर आमंत्रित किया तथा लविवि को फार्मेसी कोर्स के लिए अपने तथा अपने संस्थान के द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया इस अवसर पर लविवि की डीन रिसर्च प्रोफेसर मोनिशा बनर्जी डीन एकेडमिक प्रोफेसर अरविंद मोहन जीव रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुधीर मेहरोत्रा डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिसर पूनम टंडन एवं जीव रसायन विज्ञान विभाग की डॉ कुसुम यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं एमओयू के साक्षी बने।

SWATANTRA BHARAT PAGE 5

एलयू में युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ विश्वविद्यालय का संकल्प टीवी और एड्स मुक्त हो राष्ट हमारा के संदेश के साथ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने (12 जनवरी 2021) को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हस्ताक्षर अभियान हर युवा का यह नारा हो टीवी और एड्स मुक्त देश हमारा हो स्लोगन के साथ शुभारम्भ समाज कार्य विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय में किया।

कुलपति ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर टीवी और एड्स से लड़ना होगा और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी ।आपने हस्ताक्षर अभियान में अन्य शिक्षकों एवं युवाओं का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर , प्रॉक्टर , डायरेक्टर आईपीपीआर ,राष्ट्र सेवा योजना के समस्त शिक्षक एवं अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।युवा दिवस कार्यक्रम की अगली कड़ी में वेबीनार- यूथ ऐज चेंज ऐजेंट प्रिवेंशन आफ एचआईवी/ एड्स का आयोजन किया गया जिसमें श्री संजय मिश्रा उत्तर प्रदेश ऐड्स कंट्रोल सोसायटी ने युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों एवं दायित्वों के बारे मे जागरूक किया उन्होंने बताया कि किस प्रकार युवा एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं आज का युवा ही कल का स्वस्थ नागरिक बनेगा इसलिए यह जरूरी है कि युवा सही मार्ग पर चलें सही आदतें पर रहे एवं बुरी चीजों से बुरी आदतों से स्वयं को बचा सके, सही मार्ग को से को समझने की समझ उस में विकसित हो। वेबीनार में युवाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कार्य करते हुए किस प्रकार वे पियर एजुकेटर के रूप में रेड रिबन क्लब में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं इस पर भी चर्चा की श्री संजय मिश्रा जी ने एड्स से जुड़ी भ्रांतियों पर भी युवाओं का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर डॉ राकेश द्विवेदी कार्यक्रम अधिकारी राज सेवा योजना ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि उठो जागो और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहो हमें इसी भाव के साथ समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना होगा हमें अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ईमानदारी से प्रयास करना होगा एवं समाज हित में अपने दायित्वों का निरंतर निर्वहन करते रहना होगा तभी हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभा पाएंगे।